# प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 15.03.24

**थाना विजयनगर पुलिस टीम द्वारा 03 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्ज़े से चोरी की 01 मोटर साईकिल , 02 पत्ती सफेद धातु , 03 ए.टी.एम. कार्ड एवं 10,000/- रूपये बरामद ।**

आज दिनांक 15.03.2024 को थाना विजयनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर संदिग्ध वाहन /व्यक्ति चेकिंग के दौरान 03 अभियुक्तों 1. विपिन 2. राज गब्बर 3. निशान्त को फैक्ट्री एरिया सेक्टर 09 के पास से गिरफ्तार किया गया । जिनके कब्ज़े से चोरी की 01 मोटर साईकिल , 02 पत्ती सफेद धातु , 03 ए.टी.एम. कार्ड, 01 फेविक्विक एवं 10,000/- रूपये बरामद हुये है । आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

नाम पता अभियुक्त

1. विपिन शर्मा पुत्र निर्मल कुमार निवासी नौबस्ता जिठवारा थाना जिठवारा जिला प्रतापगढ़ उम्र 27 वर्ष।
2. राज गब्बर चाहर पुत्र देवी सिंह निवासी गांव रजौली थाना फतेहपुर सीकरी जिला आगरा उम्र 26 वर्ष।
3. निशान्त सिंह पुत्र महेन्द्र प्रताप सिंह निवासी नौबस्ता जिठवारा थाना जिठवारा जिला प्रतापगढ़ उम्र 24 वर्ष।

**पूछताछ का विवरणः-**

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि साहब हम लोग ए.टी.एम मशीन में जाते है और उसमें यह सफेद पत्ती फैविक्विक लगाकर चिपका देते है तथा पत्ती पर भी फैविक्विक लगा देते है जब कोई भी व्यक्ति एटीएम मशीन से पैसा निकालता है तो उसके द्वारा निकाले गये रूपये बाहर नही आते वह पत्ती में फंस कर रूक जाते है और जब वह व्यक्ति एटीएम से बाहर निकल कर चला जाता है तो हम तीनों मौका पाकर उस एटीएम से पत्ती तथा पैसे को निकाल लेते है । जो पैसे हम निकलते है उसे आपस में बांट लेते है । यह मोटर साईकिल कल्याणपुरी दिल्ली से चोरी की थी जिसे हम आज बेचने की फिराक मे घूम रहे थे ।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. मोटर साईकिल रजिस्ट्रेशन नम्बर DL4SCU3793 ।
2. 02 पत्ती सफेद धातु ,
3. 03 ए.टी.एम. कार्ड,
4. 01 फेविक्विक ,
5. 10,000/- रूपये नगद ।

**गिरफ्तार एंव बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना विजयनगर पुलिस टीम ।

**थाना विजयनगर पुलिस टीम द्वारा 03 शातिर ई – रिक्शा चोर गिरफ्तार , कब्ज़े से 06 ई – रिक्शा बरामद ।**

आज दिनांक 15.03.2024 को थाना विजयनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर संदिग्ध वाहन /व्यक्ति चेकिंग के दौरान 03 अभियुक्तों 1. सलीम 2. आकाश 3. आसिम को बिच्छल गेट गउशाला के पास से गिरफ्तार किया गया । जिनके कब्ज़े से चोरी के 06 ई – रिक्शा एवं 165 एल्प्राजोल्म की गोली बरामद हुई है । आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

**नाम पता अभियुक्त**

1. सलीम पुत्र कादिर निवासी हाल निवासी नूर इलाई गली न0 13 थाना गोकुलपुरी दिल्ली स्थाई पता होली मौहल्ला थाना कोतवाली एटा ज़िला एटा उम्र 28 वर्ष ।
2. आकाश पुत्र मुन्ना लाल निवासी निशान्त कलोनी पुस्ता रोड बालाजी पुरम के पास विजय का मकान थाना ट्रोनिका सिटी गाज़ियाबाद उम्र 21 वर्ष ।
3. आसिम पुत्र शकील अहमद निवासी डी व्लाक गली न0 10 कच्ची खजूरी थाना खजूरी पूर्वी दिल्ली उम्र 32 वर्ष ।

**पूछताछ का विवरण:-**

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि हम लोग फिरोज व आलम के साथ मिलाकर ई-रिक्शा चालको को चाय व कोल्ड ड्रिंक आदि में एल्प्राजोल्म की गोलियों डाल कर उन्हे पीला देते है । जिस कारण ई-रिक्शा चालक नशे में हो जाता था और उसकी ई-रिक्शा को हम लोग चोरी कर ले जाते थे उन रिक्शों में से सामान को निकाल निकालकर क्षत विक्षत आदि करके उन्हे चलते फिरते व्यक्तियों को बेच देते थे तथा जो पैसा मिलता था उसे आपस में बांट लेते थे । आज भी हम घटना करने की फिराक में घूम रहे थे ।

**अभियुक्त का अपराधिक इतिहास:-**

1. अभियुक्त **सलीम** उपरोक्त पर – 03 अभियोग चोरी व माल बरामदगी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पर ,
02 अभियोग थाना विजयनगर कमिश्नरेट ग़ाज़ियाबाद पर , कुल 05 अभियोग पंजीकृत है ।

2.अभियुक्त **आकाश** उपरोक्त पर – 05 अभियोग चोरी व माल बरामदगी थाना कोतवालीनगर, कमिश्नरेट ग़ाज़ियाबाद
02 अभियोग माल बरामदगी एवं एनडीपीएस एक्ट के थाना विजयनगर कमिश्नरेट गाज़ियाबाद पर , कुल 07 अभियोग पंजीकृत है ।

3.अभियुक्त **आसिम** उपरोक्त पर – 01 अभियोग चोरी व माल बरामदगी दिल्ली पर ,
02 अभियोग माल बरामदगी एवं एडीपीएस एक्ट के थाना विजयनगर कमिश्नरेट गाज़ियाबाद पर , कुल 03 अभियोग पंजीकृत है ।

**बरामदगी का विवरण:-**

6. ई-रिक्शा रजिस्ट्रेशन न0 UP 14 NT 1147

7. ई-रिक्शा रजिस्ट्रेशन न0 UP14 MT 0616
8. ई-रिक्शा रजिस्ट्रेशन न0 UP14MT 0950
9. ई-रिक्शा रजिस्ट्रेशन न0 UP14JT 0334
10. ई-रिक्शा, चैसिस न0 पर 190507 अकिंत है
11. ई-रिक्शा, चैसिस न0 MIYDECB05823T1970

**गिरफ्तार एंव बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना विजयनगर पुलिस टीम।

**थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम द्वारा लोगों की आईडी पर फर्जी सिम निकालकर व फर्जी खाता खुलवाकर साइबर फ्रॉडकर्ताओं को बेचकर साइबर अपराध में संलिप्त 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 अकाउंट किट ( 01 चैकबुक , 01 डैबिट कार्ड व 01 सिम) , 02 एटीएम कार्ड , 04 सिम कार्ड व 02 मोबाइल बरामद।**

दिनांक 15.03.2024 को थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना के आधार पर लोगों की आईडी पर फर्जी सिम निकालकर, उनके सिम का प्रयोग कर बैंको में खाते खुलवाकर व उन सिमों व खातों को साइबर फ्रॉडकर्ताओं को साजकर बेचकर अवैध धनराशि अर्जित करने वाले 03 अभियुक्त 1. पवन चौबे पुत्र धर्मेन्द्र चौबे **निवासी** के-164/बी सैक्टर-09 थाना विजयनगर गाजियाबाद **स्थायी पता** ग्राम बहुरा तहसील सहदपुर जिला बनारस उम्र 29 वर्ष। 2. राजेश सिंह पुत्र अमरजीत सिंह निवासी- बी-149 न्यू अशोक नगर दिल्ली-96 उम्र 53 वर्ष। 3. रवि कुमार पुत्र यादराम **निवासी** गली नं0-1 में राजपाल के मकान में प्रथम तल पर नंगली नजफगढ दिल्ली **स्थायी पता** माकलवाडी नारायण ट्रार जोरपाटी 7/30 काठमांडु थाना व जिला काठमांडु नेपाल उम्र 50 वर्ष को 01 अकाउंट किट ( 01 चैकबुक ,01 डैबिट कार्ड व 01 सिम) , 02 एटीएम कार्ड , 04 सिम कार्ड व 02 मोबाइल सहित साहिबाबाद रैपिड मैट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण**

गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की गयी तो बताया कि हम लोग लोगों को लोभ-लालच देकर बैंको में खाते खुलवा देते है। जिसकी चैक बुक एटीएम कार्ड , सिम व खाते से सम्बन्धित इन्टरनेट बैंकिग यूजर आईडी पासवर्ड व उन खातों से लिंक खाताधारकों का सिम कार्ड अपने पास रख लेते है। जिनको हम स्कैम, साइबर फ्रॉड व धोखाधडी करने वालो को 20-25 हजार रुपए में बेच देते है। खाता खुलवाने वाले व्यक्तियों को हम लोग 3-5 हजार रुपये देते है। इस प्रकार इस कारोबार में हम लोगों को काफी पैसे बच जाते है। जो सिम हमारे पास मिले है यह सभी अन्य व्यक्तियों की आईडी पर लिए है। जिनका प्रयोग हमारे किटों के ग्राहक लोग अन्य

लोगों को कॉल करके नौकरी व पैसे कमाने का झाँसा देकर उनसे पैसे अकाउन्ट में डलवाते है। इस काम में हमारा साथ हमारा एक साथी हर्ष पुत्र पुरुषोत्तम दत्त निवासी द्वारका दिल्ली खाते बिकवाने में हमारी मदद करता है।आज भी हमलोग नए खाते खुलवाने के लिये लोभ लालच देकर लोगों से सम्पर्क करने का प्रयास कर रहे थे तथा हमारे पास से आज जो बैंक की सामग्री व एटीम कार्ड तथा सिम बरामद हुए है। उनको हम अपने साथी हर्ष को बेचने जा रहे थे।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता</u>**

1. पवन चौबे पुत्र धर्मेन्द्र चौबे **निवासी** के-164/बी सैक्टर-09 थाना विजयनगर गाजियाबाद **स्थायी पता** ग्राम बहुरा तहसील सहदपुर जिला बनारस उम्र 29 वर्ष।
2. राजेश सिंह पुत्र अमरजीत सिंह **निवासी -** बी-149 न्यू अशोक नगर दिल्ली-96 उम्र 53 वर्ष।
3. रवि कुमार पुत्र यादराम **निवासी** गली नं0-1 में राजपाल के मकान में प्रथम तल पर नंगली नजफगढ दिल्ली **स्थायी पता** माकलवाडी नारायण ट्रार जोरपाटी 7/30 काठमांडु थाना व जिला काठमांडु नेपाल उम्र 50 वर्ष।

**<u>बरामदगी का विवरण</u>**

- 01 अकाउंट किट ( 01 चैकबुक , 01 डैबिट कार्ड व 1 सिम) , 02 एटीएम कार्ड , 4 सिम कार्ड व 02 मोबाइल ।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम</u>**

थाना इन्दिरापुम पुलिस टीम